बिहार शिक्षा परियोजना, गोपालगंज
शाही कॉम्पलेक्स, तृतीय तल्ला,
मिंज स्टेडियम के नजदीक
गोपालगंज–841428

Bihar Education Project,Gopalganj
Shahi Complex, 3rd Floor,
Near Minj Stadium
Gopalganj - 841428

पत्रांक BEP/KGBV/82/2022-23........163......../ दिनांक ..23/01/25...../

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज – सदस्य
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना एवं लेखा, गोपालगंज –सदस्य
जिला लेखा पदाधिकारी, गोपालगंज – सदस्य
प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज – सदस्य
संचालक, के0जी0बी0भी0, हथुआ टाईप–1–सदस्य
वार्डेन, के0जी0बी0भी0 कटेया टाईप–1–सदस्य

विषयः– कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के जिला क्रय समिति की बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार शिक्षा परियोजना, गोपालगंज के अन्तर्गत संचालित सभी के0जी0बी0भी0 में सामग्रियों के क्रय हेतु दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर एवं हिन्दुस्तान में निविदा प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित निविदा के आलोक में प्राप्त सभी के0जी0बी0भी0 का तकनीकी निविदा दिनांक 19.12.2024 को उप विकास आयुक्त, –सह–अध्यक्ष जिला क्रय समिति (के0जी0बी0भी0), गोपालगंज की अध्यक्षता में खोला गया।

निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा के तहत उपलब्ध कराये गये सभी अभिलेखों के अवलोकनोपरांत जिला क्रय समिति (के0जी0बी0भी0) द्वारा फर्म 01. People's Service Point, Patna 02. Geeta Enterprise, Hajipur 03. R.K Enterprise, Motihari 04. J.J Enterprise, Bettiah 05. Vijaya Enterprise, Patna 06. AMBIKA Enterprise, Saran को निविदा प्रकाशन में अंकित तकनीकी शर्त्तो/अर्हता पूर्ण करने के कारण सर्वसम्मति से सफल घोषित किया गया।

तकनीकी निविदा में सफल उपर्युक्त निविदादाताओं का वित्तीय निविदा उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष जिला क्रय समिति (के0जी0बी0भी0), गोपालगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 28.01.2025 को समय 01:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को ससमय बैठक में भाग लेने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
–सह– सचिव–जिला क्रय समिति(के0जी0बी0भी0),
गोपालगंज।

बिहार शिक्षा परियोजना, गोपालगंज
शाही कॉम्पलेक्स, तृतीय तल्ला,
मिंज स्टेडियम के नजदीक
गोपालगंज–841428

Bihar Education Project,Gopalganj
Shahi Complex, 3rd Floor,
Near Minj Stadium
Gopalganj - 841428

ज्ञापांक BEP/KGBV/82/2022-23.........163........../ गोपालगंज, दिनांक .....23/01/25........../

प्रतिलिपिः– सभी तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। साथ ही निदेश दिया जाता है कि नमूने के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– 1. जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गोपालगंज 2. जिला उद्योग महाप्रबंधक, गोपालगंज 3. माप–तौल निरीक्षक, गोपालगंज 4. जिला लेखा पदाधिकारी, गोपालगंज 5. सहायक अभियंता, बिहार शिक्षा परियोजना, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। साथ ही अंकित करना है कि सभी सफल निविदादाताओं से प्राप्त सामग्रियों के नमूने कि जॉच हेतु गठित जॉच दल का आप सभी सदस्य है। अतः अनुरोध है कि उक्त बैठक में ससमय भाग लेने का कष्ट किया जाये।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी, गोपालगंज को सूचनार्थ समर्पित साथ ही अुनरोध है कि उक्त सूचना को एन0आई0सी गोपालगंज के वेबसाईट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करेंगे।

प्रतिलिपिः– उप विकास आयुक्त, –सह–अध्यक्ष जिला क्रय समिति (के0जी0बी0भी0), गोपालगंज की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

23/01/25

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
–सह– सचिव–जिला क्रय समिति(के0जी0बी0भी0),
गोपालगंज।

Dealt
23/01/25
A.O